मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्ष: 7 अंक 303
मंगलवार, 27 मई 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीतिः पीएम मोदी

**भुज, 26 मई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ समय पहले एक कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित किया, जहां उन्होंने 53,400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मोदी ने कहा कि कच्छ से मेरा रिश्ता बहुत पुराना रहा है। कच्छ के लोग और उनका आत्मविश्वास हमेशा मेरा मार्गदर्शन करता रहा है। जब पहली बार नर्मदा का पानी कच्छ पहुंचा, तो वो दिन कच्छ के लिए किसी दिवाली से कम नहीं था, और ये एक अभूतपूर्व उत्सव था। सौभाग्य से आप सभी ने मुझे इस अवसर का कारण बनने का मौका दिया।

मोदी ने कहा कि आज यहां 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है। एक समय था जब पूरे गुजरात में इतनी बड़ी परियोजना की घोषणा नहीं होती थी, और अब एक जिले में इतने बड़े विकास कार्य का लाभ मिलेगा। ये परियोजना भारत को दुनिया की ब्लू इकॉनोमी बनाने में मदद करेगी, और ग्रीन एनर्जी का केंद्र भी बनाएगी। मैं आप सभी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि भारत पर्यटन में विश्वास करता है। पर्यटन लोगों को एक साथ लाता है। लेकिन पाकिस्तान जैसा देश आतंकवाद को पर्यटन मानता है। यह दुनिया के लिए एक बड़ा खतरा है।

उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी नीति जीरो टॉलरेंस की है। ऑपरेशन सिंदूर ने हमारी नीति को बिल्कुल स्पष्ट कर दिया। जो भी हमें खून बहाएगा, उसे इसी तरह का



जवाब मिलेगा। किसी भी कीमत पर उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर मानवता को बचाने और आतंकवाद को खत्म करने का मिशन है। उन्होंने कहा कि हमने 15 दिन तक इंतजार किया कि पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ कोई कदम उठाएगा या नहीं, लेकिन शायद आतंकवाद ही उनकी रोजी-रोटी है। जब उन्होंने कुछ नहीं किया, तो मैंने अपने सशस्त्र बलों को खुली छूट दे दी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अपना तिरंगा झुकाना नहीं चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भी मैं कच्छ के विकास को गति देने आता हूं तो मुझे लगता है कि मैं और कुछ करूंगा, कुछ नया करूंगा, और कुछ नया करूंगा... मन रुकने का नाम नहीं करता है। आज यहां विकास से जुड़े 50 हजार करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है।

एक समय था जब पूरे गुजरात में 50 हजार करोड़ की योजना सुनाई नहीं देती थी। आज एक जिले में 50 हजार करोड़ रुपए का काम हो रहा है। हमारा कच्छ हरित ऊर्जा का दुनिया का सबसे बड़ा केंद्र बन रहा है। ग्रीन हाइड्रोजन एक नए प्रकार का इंधन है। आने वाले समय में कारें, बसें, स्ट्रीट लाइट्स... ये सभी ग्रीन हाइड्रोजन से चलने वाली है।

कांडला,देश के तीन ग्रीन हाइड्रोजन में से एक है। मोदी ने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि आपको पर्याप्त बिजली भी मिले और बिजली का बिल भी जीरो हो। इसलिए, हमने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की है। गुजरात के लाखों परिवार इस योजना से जुड़ भी चुके हैं।

## पाकिस्तान जासूसी मामले में हिसार कोर्ट ने यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**हरियाणा, 26 मई।** पाकिस्तान के लिए कथित तौर पर जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। हरियाणा के हिसार की एक स्थानीय अदालत ने यह आदेश दिया।

33 वर्षीय कंटेंट क्रिएटर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को जासूसी के संदेह में गिरफ्तार किया गया था और वह अब तक हिसार पुलिस की हिरासत में थी। पिछले दो हफ्तों में जासूसी के संदेह में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश सहित राज्यों से गिरफ्तार किए गए 12 लोगों में मल्होत्रा भी शामिल हैं। जांच अधिकारियों को उत्तर भारत में पाकिस्तान से जुड़े जासूसी नेटवर्क के सक्रिय होने का संदेह है।



जांचकताओं का मानना है कि मल्होत्रा आईएसआई के सीधे संपर्क में थी और उसे पाकिस्तानी गृह मंत्रालय से विशेष सुरक्षा मंजूरी और विशेषाधिकार प्राप्त थे। उस यात्रा के एक वायरल वीडियो में उसे सशस्त्र गार्डों द्वारा ले जाते हुए दिखाया गया था, जिससे उसके संबंधों के बारे में और सवाल उठते हैं।

हिसार पुलिस ने कहा कि वे अभी भी उसके द्वारा कथित रूप से प्राप्त विदेशी धन के स्रोत की पुष्टि कर रहे हैं। हालांकि वे इस चरण में पुलिस रिमांड की मांग नहीं कर रहे हैं, लेकिन बरामद डिजिटल साक्ष्य की गहराई से जांच की जा रही है। अधिकारियों का दावा है कि उसकी समय पर गिरफ्तारी से संभावित राष्ट्रीय सुरक्षा संकट टल सकता है।

## अहिल्या देवी होलकर की जयंती के बहाने एकजुट हो रहा विपक्ष

### महादेव जानकर के नेतृत्व में 31 मई को दिल्ली में मनाएंगे अहिल्या देवी होलकर की जयंती

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** राष्ट्रीय समाज पार्टी द्वारा आयोजित महारानी अहिल्यादेवी होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर स्वराज महा रैली का आयोजन 31 मई 2025 को दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष लोकसभा भारत सरकार, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, एनसीपी प्रमुख शरद पवार, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव सहित अन्य छोटे-छोटे दल के लोग मौजूद रहेंगे। उक्त संबंध में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय समाज पार्टी के प्रमुख महादेव जानकर ने बताया कि महारानी अहिल्या देवी होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर विपक्ष के तमाम जो सरकार की नीतियों से प्रभावित हैं वह एकत्रित हो रहे हैं। एक तरफ जहां अहिल्या देवी की जयंती मनाई जाएगी, वहीं विपक्ष की एक



जुटता और मजबूत बनाने के मुद्दे पर विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि इस अवसर पर आयोजित होने वाली महा रैली में उनके योगदान को सम्मानित किया जाएगा और उनके कार्यों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी की प्रेरणा दी जाएगी।

राष्ट्रीय समाज पार्टी की महिला नेत्री शीला रामलाल यादव ने तमाम पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व पार्टी प्रमुख से इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

## पत्रकार संघ और प्रेस क्लब चुनाव में कुल 46 प्रत्याशी मैदान में

- मतदान 1 जून, मतगणना 2 जून को पराड़कर स्मृति भवन में होगी

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी.** काशी पत्रकार संघ और वाराणसी प्रेस क्लब के द्विवार्षिक चुनाव 2025-27 को लेकर चुनावी माहौल गरम हो चला है। रविवार को नामांकन वापसी की समयसीमा समाप्त होने के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई। अब काशी पत्रकार संघ के 18 पदों के लिए 31 और वाराणसी प्रेस क्लब के 10 पदों के लिए 15 प्रत्याशी चुनावी मैदान में रह गए हैं। चुनाव को लेकर पत्रकार समुदाय में उत्सुकता और सक्रियता बढ़ गई है। मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में पत्रकारों के मतदान करने की संभावना जताई जा रही है।

निर्वाचन अधिकारी कृष्णदेव नारायण राय ने बताया कि काशी पत्रकार संघ में अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवार, अत्रि भारद्वाज, अरुण मिश्र, सुरेश चंद्र मिश्र और बी.बी. यादव चुनाव मैदान में हैं। वहीं उपाध्यक्ष के तीन पदों के लिए पांच दावेदार, राजेश यादव, सुनील शुक्ला, पुरुषोत्तम चतुर्वेदी, दिनेश कुमार सिंह और सुरेंद्र नारायण तिवारी आमने-सामने हैं। महामंत्री पद के लिए रामात्मा श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव और अखिलेश मिश्र के बीच मुकाबला है। मंत्री के दो पदों के लिए कुल छह प्रत्याशी, आलोक कुमार श्रीवास्तव, मोहम्मद अशफाक सिद्दीकी, रवीन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, दिलीप कुमार और आलोक मालवीय चुनाव लड़ रहे हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए पंकज त्रिपाठी और जय प्रकाश श्रीवास्तव के बीच सीधी टक्कर है।

संघ की कार्यसमिति के दस पदों के लिए 11 प्रत्याशियों ने ताल ठोकी है। इनमें विजय शंकर गुप्ता, राकेश सिंह, अरुण कुमार सिंह, एमडी जावेद, सुरेश गांधी, छवि किशोर मिश्र, विनय कुमार सिंह, राजेश राय, कैलाश यादव, आनंद कुमार मौर्य और उमेश गुप्ता शामिल हैं।

वाराणसी प्रेस क्लब के चुनाव में भी रोमांच बना हुआ है। अध्यक्ष पद के लिए सुशील कुमार मिश्र और चंदन रूपानी के बीच सीधी भिड़ंत है। उपाध्यक्ष पद के लिए राजू सिंह दुआ और देव कुमार केशरी आमने-सामने हैं। मंत्री पद पर विनय शंकर सिंह और मुन्ना लाल साहनी के बीच मुकाबला होगा। संयुक्त मंत्री के एक पद के लिए तीन प्रत्याशी, हरिबाबू श्रीवास्तव, अभिषेक सिंह और अमित शर्मा मैदान में हैं, जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए संदीप गुप्ता निर्विरोध हुए हैं, उनके सामने किसी ने नामाकंन ही नहीं किए. प्रबंध समिति सदस्य के पांच पदों के लिए मनोज कुमार राय, अरविंद कुमार, संजय गुप्त, दिनेश सिंह और रौशन जायसवाल मैदान में हैं।

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान 1 जून को पराड़कर स्मृति भवन में सुबह 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक होगा। मतगणना 2 जून को सुबह 11 बजे से शुरू होगी और उसी दिन परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी। प्रत्याशियों की अंतिम सूची संघ के सूचना पट पर चस्पा कर दी गई है।

## मंत्री ए.के. शर्मा का वाराणसी में औचक निरीक्षण, दिए निर्बाध बिजली आपूर्ति और सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

### कहा, गर्मी में उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की बिजली कटौती का सामना न करना पड़े

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** सोमवार देर रात ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा वाराणसी पहुंचे और मैदागिन स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लॉगबुक, लोड पैनल तथा फीडरों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी में उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की बिजली कटौती का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि शटडाउन लेकर आपूर्ति बाधित करने की स्थिति से बचा जाए। अनुरक्षण कार्य एक बार में ही पूर्ण किया जाए। मौके पर मौजूद विद्युत कर्मियों ने बताया कि पिछले 11 दिनों में किसी भी फीडर पर शटडाउन की जरूरत नहीं पड़ी है, जिससे आपूर्ति पहले से बेहतर हुई है।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश की बिजली व्यवस्था में बड़ा सुधार बाबा विश्वनाथ की कृपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन से संभव हुआ है। इसके बाद नगर विकास मंत्री ने देर रात तेलियाबाग तिराहा, अंधरा पुल, चौकाघाट और नादेशर धोबीघाट सहित विभिन्न स्थलों पर हो रहे नाले-नालियों और सीवर की सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलभराव की स्थिति न बने और सफाई कार्य तेज गति से मशीनों और मैन पॉवर के सहयोग से तय मानकों पर पूरे किए जाएं।मंत्री ने कहा कि वाराणसी एक पौराणिक, धार्मिक और विश्वविख्यात नगरी है, यहां आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को बेहतर नगर व्यवस्था मिले, इसके लिए कोई कोताही न हो।निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त अक्षत वर्मा, अपर नगर आयुक्त सविता यादव, मुख्य अभियंता मोईनुद्दीन, जलकल महाप्रबंधक अनूप सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेंद्र कुमार चौधरी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।









## भारी बारिश से पूर्वी उपनगर की अनेक झोपड़पट्टियों में जलजमाव, नागरिकों को आने जाने में दिक्कतें बढ़ी



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** पिछले दो दिनों से मुंबई में हो रही भारी बारिश के कारण पूर्वी तथा पश्चिमी उपनगर की झोपड़पट्टियों में जलजमाव शुरू हो गया है। जगह जगह जलजमाव होने से नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि बरसात के पहले उपनगर के झोपड़पट्टी बाहुल्य बस्तियों में नालों की सफाई न किए जाने से जगह जगह घुटने भर पानी भरा हुआ है। जिससे नागरिकों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार मानखुर्द की मंडाला, महाराष्ट्र नगर, चेंबूर के प्रयाग नगर, गडकरी खदान, माहुल गांव, कुर्ला टर्मिनस के पास साबले नगर, क्रांति नगर, साकीनाका के खाड़ी क्रमांक तीन और साकीनाका सिग्नल पर घुटने से ज्यादा बरसाती पानी भर जाने से वाहन चालकों और राहगीरों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मानखुर्द के मंडाला में जलजमाव के कारण सड़कें कीचड़मय हो गई हैं। इस कारण स्थानीय नागरिकों को परेशानी करनी पड़ रही है। मुंबई कांग्रेस रोजगार व स्वयं रोजगार विभाग के महासचिव डॉ सत्तार खान ने बताया कि चेंबूर गायकवाड नगर के बड़े नाले की साफ सफाई अभी तक न किए जाने से यहां का नाला कचरे से लबालब भरा हुआ है। जिसके कारण बढ़ती हुई गंदगी से बीमारिया का प्रकोप बढ़ गया है। डॉ. सत्तार खान ने मनपा आयुक्त और सेंट्रल एजेंसी के अधिकारियों से गायकवाड नगर के बड़े नाले की साफ सफाई की मांग की है।

## शिवसेना द्वारा महाराष्ट्र राज्य मच्छीमार सहकारी संघ की नव-निर्वाचित अध्यक्ष ज्योतीताई मेहेर का सत्कार



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** मच्छीमार समाज के हित में सदैव सक्रिय भूमिका निभाने वाली शिवसेना शिंदे गुट की उपनेता ज्योतीताई राजेश मेहेर को महाराष्ट्र राज्य मच्छीमार सहकारी संघ की अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। यह गौरव की बात है कि इस पद पर पिछले 75 वर्षों में पहली बार किसी महिला का चयन हुआ है। ज्योतीताई मेहेर ने वर्षों से मच्छीमार समुदाय के विविध समस्याओं को लेकर संघर्ष और प्रयास किए हैं। उनके इस संघर्ष और सेवा भावना को सम्मान देते हुए शिवसेना की ओर से पालघर स्थित शिवसेना जिला संपर्क कार्यालय में भव्य सत्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर पालघर विधानसभा के विधायक राजेंद्र गावित, शिवसेना शिंदे गुट जिलाप्रमुख कुंदन संखे, पालघर सह-संपर्क प्रमुख व प्रवक्ता केदार काले, जिला संघटिका वैदही वाढाण, तहसील प्रमुख संजय चौधरी, शहर प्रमुख राहुल घरत, शहर संघटिका सविता मल्ला, पूर्व नगरसेवक बंड्या म्हात्रे, अमोल पाटील, चंद्रशेखर वडे समेत बड़ी संख्या में महिला व पुरुष पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शुरू ऐप ने सीरीज ए फंडिंग हासिल की

**मुंबई।** भारत के तेजी से उभरते लोकल सोशल प्लेटफॉर्म शुरू ऐप को अब सीरीज ए फंडिंग मिली है। यह निवेश क्राफ्टन, ओमिडार नेटवर्क इंडिया और एंजिमियस वेंचर्स जैसे संस्थानों ने किया है। इस फंडिंग का इस्तेमाल ऐप की तकनीक को और मजबूत करने और नए फीचर्स लॉन्च करने में किया जाएगा। शुरू ऐप के सीईओ और को-फाउंडर मयंक भांगड़िया ने कहा, शुरू अब एक नया एआई आधारित फीचर शुरू करने जा रहा है, जो आम लोगों की बातचीत से रियल टाइम में आस-पड़ोस की जरूरी जानकारी सामने लाएगा, जैसे किसी इलाके में पानी भरना, लाइट ना आना, या कोई स्थानीय समस्या जो अक्सर बड़ी खबरों में जगह नहीं बना पाती। हम इस तकनीक के जरिए यह दिखाना चाहते हैं कि लोग अपने आसपास क्या महसूस कर रहे हैं, किन बातों पर बात कर रहे हैं, और उन बातों को समझकर सही समय पर दिखाया जा सके। शुरू ऐप के को-फाउंडर हर्ष छाबड़ा ने कहा, ‘हमारी जीवन शैली हमारे आप पास पर निर्भर करती हैं। शुरू एक ऐसा प्लेटफॉर्म बना रहा हैं जो आम लोगों की आवाज को आपके आसपास के लाखों लोगों तक पहुंचता हैं, ताकि उन जरूरतों पर कार्यवाही की शुरूआत हो सके।

## श्रीराम फार्म सोल्युशन्स ने 2024 में नए लॉन्च न्यूट्रिशन प्रोडक्ट्स, एवं अन्य सीड प्रोडक्ट्स की सफलता पर डाली रोशनी

**मुंबई/नालंदा।** डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के एक प्रभाग श्रीराम फार्म सोल्युशन्स ने हाल ही में लॉन्च किए गए नए दौर के स्पेशलटी प्लांट न्यूट्रिशन एवं प्रोटेक्शन तथा सीड प्रोडक्ट्स के साथ किसानों को मिली सफलता पर रोशनी डाली। कार्यक्रम का आयोजन होटल रेनड्यू, रांची, झारखण्ड में किया गया था, जहां क्षेत्र के चैनल पार्टनर्स इन आधुनिक समाधानों के उद्घाटन के अवसर पर इकट्ठा हुए। इतना ही नहीं, 80 से अधिक डिस्ट्रब्यूटर्स को श्रीराम सुपर पैडी सीड स्कीम के लिए भव्य पुरस्कार समारोह आयोजन में शामिल होने का अवसर भी मिला। स्पेशलटी प्लांट न्युट्रिशन (एसपीएन) सेगमेन्ट की बात करें तो श्रीराम फार्म सोल्युशन्स ने हाल ही में श्रीराम प्रोटोबज प्लस का लॉन्च किया था, इस रेवोल्युशनरी प्रोडक्ट को यूएस की पेटेंटेड डिलीवरी टेक्नोलॉजी ‘नैनो लिक्विड टेक्नोलॉजी से बनाया गया है। अपने शानदार परफोर्मेन्स के चलते श्रीराम प्रोटोबज प्लस तथा श्रीराम स्प्रेइट वैजीटेबल एवं श्रीराम रेप्रोजिन को हजारों किसानों एवं चैनल पार्टनर्स ने खूब पसंद किया है। पिछले साल बाजार में उतारे गए आधुनिक कीटनाशक जैसे श्रीराम ट्रेक्स्टर और श्रीराम क्रोन की सफलता की कहानियां बताते हुए चैनल पार्टनर्स बेहद उत्सुक दिखाई दिखाई दिए।

# विधायक विश्वनाथ भोईर और विधायक शांताराम मोरे ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

- डंपर चालक की लापरवाही से गांधारी ब्रिज पर हुआ था हादसा
- हादसे में घायल रिक्शा चालक का अस्पताल खर्च उठाएगी शिवसेना



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कुछ दिन पहले कल्याण-पडघा मार्ग के गांधारी पुल पर हुए भीषण हादसे के बाद संबंधित डंपर चालक को पुलिस ने एक ही दिन में जमानत पर रिहा कर दिया। इतनी गंभीर घटना में पडघा पुलिस की यह भूमिका अत्यंत संदेहास्पद लग रही है। अगर दो दिनों के भीतर डंपर चालक के साथ मालिक पर भी लापरवाही से मृत्यु (सदोष मनुष्यवध) का मामला दर्ज नहीं किया गया तो पुलिस अधिकारियों का तबादला गढ़चिरोली करने की सिफारिश करेंगे, ऐसा कड़ा इशारा कल्याण पश्चिम के विधायक विश्वनाथ भोईर और भिवंडी ग्रामीण के विधायक शांताराम मोरे ने दिया है। विधायक विश्वनाथ भोईर और शांताराम मोरे ने आज गांधारी पुल पर घटनास्थल का निरीक्षण कर मीडिया से बातचीत में पडघा पुलिस की जांच पर सवाल उठाए।

गौरतलब हो कि पिछले मंगलवार की सुबह गांधारी पुल पर तेज गति से आ रहे डंपर ने एक रिक्शा को टक्कर मारते हुए पुल की रेलिंग तोड़कर नदी में जा गिरा। इस भीषण हादसे में रिक्शा में बैठी एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में संबंधित डंपर चालक स्वयं पुलिस थाने में उपस्थित हुआ था। लेकिन इतना बड़ा हादसा होने और एक महिला की मौके पर ही मौत होने के बावजूद पुलिस ने डंपर चालक को केवल एक दिन में कैसे जमानत दे दी? वह दबाव चला रहा था? क्या उस गाड़ी में ऐसा कुछ माल था, जिसे छिपाने के लिए पुलिस ने उसे बचाया? ऐसे तीखे सवाल विधायक विश्वनाथ भोईर ने इस समय उठाए।साथ ही इस पूरे मामले में पडघा पुलिस की भूमिका और कार्रवाई को संदेहास्पद बताते हुए, उन्होंने कहा कि इस संबंध में वे कल पुलिस अधीक्षक और राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से भी मुलाकात करेंगे। आने वाले दो दिनों में अगर इस हादसे में डंपर चालक और कंपनी मालिक पर लापरवाही से मृत्यु का मामला दर्ज नहीं किया गया तो वे पडघा पुलिस थाने के अधिकारियों का तबादला गढ़चिरोली करने की मांग करेंगे, ऐसा भी विधायक भोईर ने कहा।

घायल रिक्शा चालक का अस्पताल खर्च शिवसेना उठाएगी- इस बीच इस हादसे में मृत महिला के परिजनों को सरकारी मदद देने की मांग भी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से की जाएगी। साथ ही अस्पताल में उपचार ले रहे रिक्शा चालक का संपूर्ण चिकित्सीय खर्च कल्याण पश्चिम और भिवंडी ग्रामीण शिवसेना द्वारा उठाया जाएगा।

इस अवसर पर कल्याण पश्चिम के विधायक विश्वनाथ भोईर, भिवंडी ग्रामीण के विधायक शांताराम मोरे, जिला प्रमुख अरविंद मोरे, विधानसभा संयोजक संजय पाटिल, पूर्व नगरसेवक जयवंत भोईर, सुनील वायले समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उल्हास नदी में फंसे तीन लोगों की जान बचाने वाले पिता-पुत्र का तहसीलदार ने किया स्वागत



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** मोहिली गांव के पास उल्हास नदी में फंसे तीन लोगों की जान बचाने वाले पिता-पुत्र का कल्याण तहसीलदार सचिन शेजाल ने सम्मान किया और उनके हिम्मत की दाद दी। आज सुबह से जारी मूसलाधार बारिश के कारण उल्हास नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया और बाढ़ जैसे हालात निर्माण हो गए।

मोहिली के पास नदी किनारे तीन मवेशी चराने गए तीन लोग नदी के पानी में फंस गए। इसकी जानकारी मिलते ही गुरुनाथ पवार और रोहन पवार नामक पिता-पुत्र ने अपनी जान की बाजी लगाकर फसे हुए तीनों लोगों को रेस्क्यू किया।

एक बोट की मदद से उन्हें सही सलामत नदी के बाहर लाया गया। पवार पिता-पुत्र के इस जज्बे की सभी ओर से सराहना हो रही है। कल्याण के तहसीलदार सचिन शेजाल ने गुरुनाथ पवार और रोहन पवार को तहसीलदार कार्यालय बुलाकर उनका सम्मान किया। शॉल-श्रीफल व 10 हजार की इनामी राशि देकर उनका धन्यवाद किया ।

## सैनिकों के सम्मान में भाजपा बोईसर मंडल ने निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** भाजपा बोईसर मंडल की ओर से शुक्रवार 23 मई 2025 की शाम को सैनिकों के शौर्य, साहस की वजह से सफल हुए ऑपरेशन सिंदूर के लिए सैनिकों के सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान देशप्रेम, एकता और शौर्य का जीवंत उदाहरण बोईसर की सड़कों पर देखने को मिला। भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन विहिप, बजरंग दल, आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी के संयुक्त नेतृत्व में एक किया गया। देश के वीर सैनिकों को समर्पित इस आयोजन ने शहर को देशभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया।

यात्रा की शुरूआत बोईसर शहर अंतर्गत नवापुर मोड़ के पास स्थित जिला परिषद विद्यालय से हुई और यह रेलवे स्टेशन होते हुए चित्रालय रोड बैंक ऑफ बड़ौदा तक निकाली गई। पूरे मार्ग में माहौल देशभक्ति से ओतप्रोत रहा। सैकड़ों की संख्या में युवा, कार्यकर्ता और नागरिक तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए। ‘वीर जवान अमर रहें’, ‘भारत माता की जय’ और ‘जय हिंद’ जैसे नारों से आसमान गूंज उठा। इस अवसर पर ‘ऑपरेशन सिंदूर’ की सफलता का विशेष रूप से उल्लेख किया गया, जिसने नागरिकों और युवाओं में गर्व और आत्मविश्वास की लहर दौड़ा दी। वक्ताओं ने कहा कि आज का भारत आतंकवाद के विरुद्ध मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है और देशवासी अब किसी भी चुनौती से पीछे हटने वाले नहीं हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। यात्रा आयोजन संयोजक अंकुर राऊत, बोईसर मंडल अध्यक्ष महेंद्र भोणे आदि के विशेष प्रयासों से किया गया। इस तिरंगा यात्रा में शिवशक्ति सामाजिक संगठन प्रमुख व वरिष्ठ भाजपा नेता संजय पाटील, संयोजक अंकुर राऊत, बोईसर मंडल अध्यक्ष महेंद्र भोणे, अर्चना वाणी, जिला सचिव सत्यप्रकाश सिंह, भानूदास जोगमार्गे, बजरंग दल के चंदन सिंह, विहिप के विनोद बाजपेई, महावीर जैन, डॉ.स्वप्निल शिंदे, गजानन देशमुख, तुषार संखे, विवेक वड़े, अशोक सालुंखे, जयेश घरत, भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के जिला अध्यक्ष आर.बी. सिंह, उपाध्यक्ष रवि सिंह, विहिप के अरविंद सिंह, रामरंजन सिंह, मनीष सिंह, वैशाली सादुलवाड, वैशाली बाबर, माधवी भोने, स्वेता देसले समेत अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

## विधायक दिलीप लांडे ने प्रीमियर (एचडीआई एल) कॉलोनी के निवासियों की समस्याओं को सुना



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** चांदिवली विधानसभा क्षेत्र में स्थित कुर्ला पश्चिम प्रीमियर कॉलोनी में विभिन्न नागरिक समस्याओं को जानने के लिए विधायक दिलीप लांडे ने निरीक्षण दौरा किया। यहां के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को विभिन्न मुद्दों पर निर्देश देने और मुद्दों का समाधान करने को कहा ।इस बीच, विधायक दिलीप लांडे द्वारा 24 इंच की पाइप लाइन बिछाने के कार्य का तत्काल उद्घाटन करने से निवासियों को कुछ राहत मिली है, जिससे यहां पेयजल की मुख्य समस्या का समाधान होने की उम्मीद है।

विधायक दिलीप लांडे ने विद्याविहार एचडीआईएल कॉलोनी स्थित इमरान क्रमांक 29 व 30 का दौरा किया, जहां कि मीठी नदी के विस्तारीकरण के कारण पुनर्वसन किए जा रहे संदेश नगर व क्रांति नगर के झुग्गीवासियों से मुलाकात की और लोगों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर मनपा और एमएमआरडीए के अधिकारी उपस्थित थे। इस बीच, यहां के निवासियों ने कॉलोनी में पानी की कमी, बिजली, खराब सड़कें, ड्रेनेज लाइन आदि विभिन्न नागरिक मुद्दे विधायक दिलीप लांडे के समक्ष उठाए। लांडे ने संबंधित अधिकारियों को इन सभी मुद्दों को हल करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मनपा जल विभाग के सहायक अभियंता विशाल भालेराव, कनिष्ठ अभियंता गणेश यादव, एमएमआरडीए अभियंता बनर्जी व सोनवणे, शिवसेना महिला सभा प्रमुख पूजा गावड़े, शाखा प्रमुख महेश पानीग्राही, महिला शाखा प्रमुख शर्मिला दलवी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मातोश्री गुंजाई फाउंडेशन के माध्यम से कामगारों को स्वास्थ्य सामग्री का वितरण

### जनसेवक महेश गायकवाड की पहल



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण पूर्व के मेहनतकश मजदूरों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए मातोश्री गुंजाई फाउंडेशन ने राज्य सरकार के कामगार कल्याण विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य सामग्री वितरण की। यह एक सराहनीय पहल की है, जिससे मजदूर भाइयों को बड़ी राहत मिली है। इस वितरण कार्यक्रम का आयोजन जनसेवक महेश गायकवाड के हाथों संपन्न हुआ।

पिछले दो वर्षों से महेश गायकवाड और उनके सहयोगी प्रशांत बोटे ने इस उपक्रम के लिए लगातार प्रयास किए। उनके यह प्रयास आखिरकार सफल रहे हैं और यह उपक्रम मजदूर वर्ग के लिए आश्वासक सिद्ध हो रहा है।

वितरित सामग्री में प्राथमिक उपचार किट, मास्क, सैनिटाइजर, हैंडग्लव्स, थमार्मीटर, बीपी मॉनिटर सहित स्वास्थ्य से जुड़ी आवश्यक वस्तुएँ शामिल थीं। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के कई मजदूर, सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी के चेहरों पर संतोष और कृतज्ञता के भाव दिखाई दे रहे थे। कार्यक्रम के दौरान महेश गायकवाड ने कहा, ‘मेहनतकश मजदूर समाज का सच्चा आधारस्तंभ हैं। उनके स्वास्थ्य के लिए हमारी ओर से यह एक छोटी-सी मदद है। आगे भी हम ऐसे ही उपक्रम चलाने का संकल्प करते हैं।

मातोश्री गुंजाई फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवदास गायकवाड की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुए इस उपक्रम की सर्वत्र सराहना हो रही है, और मजदूर समाज में एक नई उम्मीद की किरण जागी है।

## राष्ट्रवादी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया ने निकाली तिरंगा रैली, आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हों



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** कुर्ला रेलवे स्टेशन पूर्व से लेकर संत रविदास उडान पुल तक राष्ट्रवादी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया ने देश में बढ़ते आतंकवाद, जातिवाद के खिलाफ तिरंगा रैली निकाली. यह रैली महाराष्ट्र के प्रवक्ता विजय क्षीरसागर के नेतृत्व में निकाली गई. इस दौरान पक्षाध्यक्ष नामदेव साबले, महाराष्ट्र अध्यक्ष मुरलीधर गायकवाड, महाराष्ट्र के संघटक सचिव अजय ठोंबे, शंकर दिघे, मुंबई प्रदेश महिला अध्यक्ष ज्योति क्षीरसागर आदि पदाधिकारी व नेतागण उपस्थित थे. इस रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया. नामदेव साबले ने कहा कि कुछ लोगों का झुकाव उग्रवादियों के प्रति आज भी बना हुआ है. वे ऐसे बयान देते हैं, जिससे आतंकवादियों का मनोबल बढ़ता है. इस देश से आतंकवाद को कुचलना जरूरी है. राष्ट्रवादी रिपब्लिकन पार्टी पहले देश, बाद में राजनीति की बात करती है. हमारे लिए देश सर्वप्रथम है।भारतीय सेना ने अद्भुत शौर्य का परिचय देते हुए देश की सुरक्षा सुनिश्चित की और पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया. भारत का आतंकवाद के खिलाफ युद्ध जारी रहेगा. इस साहसिक और सफल ऑपरेशन के लिए भारतीय सेना की राष्ट्रवादी रिपब्लिकन पार्टी सराहना करती है. हमें देश की एकता और अखंडता को मजबूत करना है. भारतीय सेना की बहादुरी को नमन करते हुए देशवासियों से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने की अपील की गई।

## ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा बने ऑडी इंडिया के नये ब्रांड पार्टनर

**मुंबई।** जैवलिन थ्रो में दो बार ओलंपिक पदक जीत चुके और देश के सबसे पसंदीदा एथलीटों में से एक नीरज चोपड़ा अब जर्मन ऑटोमोटिव निमार्ता ऑडी इंडिया से जुड़ गए हैं। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने इसके बारे में जानकारी दी और बताया के यह साझेदारी दो ऐसी बड़ी हस्तियों को एक साथ लाती है जो अपने-अपने क्षेत्र में बेहतरीन परफॉर्मेंस, सटीकता और इनोवेशन के लिए जानी जाती हैं।टोक्यो ओलंपिक में नीरज चोपड़ा की ऐतिहासिक जैवलिन थ्रो ने पूरे देश को गर्व से भर दिया था। अब वे ऑडी इंडिया के साथ जुड़ गए हैं। ऑडी एक ऐसा ब्रांड है जो दुनियाभर में अपनी बेहतरीन इंजीनियरिंग, नए-नए इनोवेशन और फ्यूचर को ध्यान में रखकर बनाए गए डिजाइनों के लिए जाना जाता है। यह साझेदारी नीरज और ऑडी ‘ दोनों के साझा गुणों जैसे शानदार परफॉर्मेंस, रफ्तार और मजबूत पहचान को सेलिब्रेट करती है।ऑडी इंडिया के हेड, बलवीर सिंह ढिल्लन ने कहा, ऑडी में हम उन लोगों के साथ खड़े होते हैं जो हर दिन अपनी सीमाओं को पार करने की कोशिश करते हैं ‘ जो सिर्फ. अच्छा करने के लिए नहीं, बल्कि हर बार और बेहतर बनने के लिए पहचाने जाते हैं। नीरज चोपड़ा इसी सोच की जीती-जागती मिसाल हैं। उनकी लगन, फोकस और शानदार परफॉर्मेंस हमारे ब्रांड के विजन से पूरी तरह मेल खाते हैं। उनकी रफ्तार और जज्बा हमें यह सिखाते हैं कि असली लीडरशिप क्या होती है सिर्फ.किसी को फॉलो करना नहीं, बल्कि खुद रास्ता बनाना।

नीरज चोपड़ा ने इस साझेदारी को लेकर अपनी खुशी जताते हुए कहा, ‘मैं हमेशा से ऑडी का फैन रहा हूँ। मुझे सिर्फ. उनकी कारें ही नहीं, बल्कि उनके पीछे की सोच और मूल्य भी बहुत पसंद हैं। एक एथलीट के तौर पर, मैं जानता हूँ कि मैदान पर और ज़िंदगी में भी बेहतरी की तलाश कभी खत्म नहीं होती। यही सोच मुझे ऑडी से जोड़ती है। मैं इस परिवार का हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित हूँ और गर्व महसूस कर रहा हूँ कि मैं ऐसे ब्रांड का प्रतिनिधित्व कर रहा हूँ जो हर कदम पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। अपनी शानदार तकनीक और मजबूत इरादों के लिए पहचाने जाने वाले नीरज चोपड़ा, उन खूबियों का प्रतीक हैं जो ऑडी के दिल में बसती हैं ‘ सटीकता, मजबूती और हर बार कुछ नया कर दिखाने का जुनून। चाहे रेसट्रैक हो या रनवे, खेल का मैदान हो या दुनिया का कोई बड़ा मंच ‘ नीरज और ऑडी की यह साझेदारी बेहतरीन प्रदर्शन और ऊंचाइयों को छूने की साझा सोच को दिखाती है। ओलंपिक गोल्ड जीतने के बाद नीरज ने एशियाई खेलों, कॉमनवेल्थ गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी शानदार जीत दर्ज की और 2024 पेरिस ओलंपिक में सिल्वर मेडल हासिल करके देश का नाम एक बार फिर रोशन किया।

यह साझेदारी सिर्फ एक भारतीय खेल आइकन को सम्मानित नहीं करती, बल्कि यह भी दिखाती है कि ऑडी उन लोगों के साथ जुड़ना पसंद करती है जो नए रास्ते अपनाते हैं, कभी हार नहीं मानते और लगातार आगे बढ़ते रहते हैं। नीरज चोपड़ा का अपने खेल में सुधार की लगन और हर दिन बेहतर करने का जज्बा, ऑडी की सोच और सफर से पूरी तरह मेल खाता है। यही वजह है कि यह साथ एकदम परफेक्ट है। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के चीफ कमर्शियल ऑफिसर, श्री करण यादव ने कहा, ‘हम सभी नीरज चोपड़ा और ऑडी इंडिया के बीच इस साझेदारी को लेकर बहुत खुश हैं। यह भारतीय खेल और बिजनेस दोनों के लिए एक खास अवसर है। नीरज को ऑडी की कारें बहुत पसंद हैं और उनका ब्रांड विजन नीरज के एथलीट के तौर पर विजन से पूरी तरह मेल खाता है। ऑडी के साथ हमारी बातचीत भी बहुत अच्छी रही है।


उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय:
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com








**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

## गंगा घाट पर डूबी युवती, एनडीआरएफ की सहायता से निकाला गया शव, परिवार में मचा कोहराम

डॉ.एस.के.मिश्र

वाराणसी(उत्तरशक्ति) जनपद के पंचगंगा घाट पर रविवार को गंगा में नहाते समय एक युवती की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने एनडीआरएफ की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कपसेठी थाना क्षेत्र के सिसवा गांव निवासी राजेश मिश्र की 19 वर्षीय बेटी अनुराधा मिश्रा अपने मौसेरे भाई राहुल मिश्रा के साथ पंचगंगा घाट पर घूमने आई थी। घूमने के बाद वह गंगा में स्नान करने लगी। स्नान के दौरान वह गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। पास में खड़े राहुल ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक अनुराधा पानी में समा चुकी थी।

घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत राहत कार्य शुरू कराया। करीब एक घंटे तक चले खोज अभियान के बाद एनडीआरएफ के 11 जवानों की मदद से अनुराधा का शव गंगा से बाहर निकाला गया।इंस्पेक्टर कोतवाली दयाशंकर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है। अनुराधा अपने दो बहनों और एक भाई में सबसे छोटी थी। इस दुखद घटना से परिवार में मातम पसरा है। पुलिस ने लोगों से गहरे पानी में न जाने और सतर्कता बरतने के लिए निवेदन किया है।

## टैंकर अनियंत्रित होकर दुकान में घुसा, मकान क्षतिग्रस्त 10 लाख का माल गायब

शाहगंज, जौनपुर (उत्तरशक्ति)।रविवार की देर रात अनियंत्रित टैंकर एक कपड़े की दुकान में घुस गया।हादसे में कोई हताहत नहीं होने की सूचना है परन्तु दुकान का आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद टैंकर चालक और खलासी मौके से फरार हो गए। दुकान मालिक के मुताबिक उनकी दुकान से 7 से 10 लाख का सामान भी चोरी हुआ है। पुलिस विधिक कार्यवाही और जांच में जुटी है।जानकारी के मुताबिक नगर के प्रयागराज रोड तिराहा पर शिवकुमार गौरीशंकर क्लॉथ हाउस स्थित है। रविवार देर रात दो से तीन बजे के बीच प्रयागराज की ओर से आ रहा एक टैंकर अनियंत्रित होकर सीधे दुकान का शटर तोड़ते हुए अन्दर जा घुसा। हादसे की




आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए, हालांकि तब तक चालक और खलासी मौके से फरार हो चुके थे।हादसे के दौरान दुकान में कोई मौजूद नहीं था, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। सोमवार की सुबह हादसे का हकीकत देखने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। दुकान मालिक ओंकार का कहना है कि उन्हें भोर में 4 बजे हादसे की जानकारी हुई। उनकी दुकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी दुकान से 7 से 10 लाख रुपए का माल भी गायब हुआ है।

मामले में क्षेत्राधिकारी अजित सिंह चौहान ने बताया कि दुकान में अनियंत्रित होकर टैंकर घुसने की जानकारी मिली है। किसी अन्य मामले में बाहर होने के कारण मौके पर नही पहुंच सका। दुकानदार द्वारा चोरी का आरोप लगाया जा रहा है तो इसकी जांच कराई जाएगी। ज्ञात हो की पश्चिम दिशा पर सुल्तानपुर लखनऊ पूरब आजमगढ़ एवं दूसरी दिशा प्रयागराज मार्ग होने के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था एवं ट्रैफिक पुलिस मात्र कोरम पूर्ति में ही व्यस्त रहती है आए दिन ऐसी घटनाएं कभी विकराल रूप भी लेते देखी जा रही है।

## श्रेयांशी को 30 लाख का पैकेज, विज्ञान संकाय गौरवान्वित



जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के विज्ञान संकाय अंतर्गत बायोकेमिस्ट्री विभाग की छात्रा श्रेयांशी साहू ने प्रतिष्ठित आकांक्षा हॉस्पिटल एंड आईवीएफ (आनंद हॉस्पिटल की यूनिट) में उच्च पैकेज पर चयनित होकर संस्थान को गौरवान्वित किया है। सत्र 2019-2021 की छात्रा श्रेयांशी को 30 लाख रुपये वार्षिक के पैकेज पर रिप्रॉडक्शन बायोलॉजी यूनिट में एम्ब्रियोलॉजिस्ट पद के लिए नियुक्त किया गया है। इस पद पर श्रेयांशी का प्रमुख कार्य इंटरसाइटोप्लाज्मिक स्पर्म इंजेक्शन (क्ळरक), स्पर्म विश्लेषण, श्रेष्ठ स्पर्म का चयन, एम्ब्रियो कल्चर, एम्ब्रियो का विकास एवं रखरखाव तथा आधुनिक आईवीएफ तकनीकों से अद्यतन रहना होगा। इस उपलब्धि पर संकाय में हर्ष का माहौल है। संकायाध्यक्ष प्रोफेसर राजेश शर्मा ने इसे श्रेयांशी की कड़ी मेहनत और अनुशासन का परिणाम बताया। बायोकेमिस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि श्रेयांशी की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने श्रेयांशी को शुभकामनाएं देते हुए इसे विज्ञान संकाय में उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण और शिक्षकों के समर्पण का नतीजा बताया।इस अवसर पर माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. एस. पी. तिवारी, डॉ. संजीव कुमार मौर्य, डॉ. ऋषि श्रीवास्तव, डॉ. श्वेता सोनम, डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव, डॉ. ईषानी भारती सहित सभी शिक्षकों ने श्रेयांशी को बधाई दी।

## लायंस क्लब रॉयल के निर्विरोध चुने गए अध्यक्ष :संजीव साहू



जौनपुर(उत्तरशक्ति)।लायंस क्लब इन्टरनेशनल की जनपद शाखा लायंस क्लब जौनपुर रॉयल का सत्र 2025-26 की नई कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न हुआ।इस सम्बन्ध में संस्था की आम सभा की एक बैठक रविवार को नगर के एक होटल में क्लब अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई।सभी का स्वागत करते हुए क्लब अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर ने पिछले कार्यक्रमो की समीक्षा व आगामी कार्यक्रमों पर विचार विमर्श कर आगे की रूपरेखा तय किया इसके उपरांत नये सत्र के अध्यक्ष हेतु चुनाव अधिकारी संस्थापक अध्यक्ष अजय गुप्ता ने प्रथम उपाध्यक्ष संजीव साहू का नाम सदन में रक्खा जिसका अनुमोदन अभिताश गुप्ता व आशीष गुप्ता ने किया तत्पश्चात सभी सदस्यों ने हर्ष ध्वनि के साथ सहमति जताई इसके उपरांत निर्विरोध चुने गए अध्यक्ष संजीव साहू ने अपनी सहमति व्यक्त किया साथ ही सभी सम्मानित सदस्यों से वर्ष भर सहयोग की अपेक्षा किया ताकि अपने से कम भाग्यशाली लोगों की सेवा में क्लब अग्रणी रहे साथ ही उन्होंने सहयोगी के रूप में सचिव पद के लिए बालकृष्ण साहू व कोषाध्यक्ष के लिए राजकुमार कश्यप का नाम सदन में रक्खा जिस पर सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।संस्थापक अध्यक्ष/चुनाव अधिकारी अजय गुप्ता ने सभी को शुभकामनाएं दी उपस्थित सदस्यों ने नवचयनित सभी पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर सबका उत्साहवर्धन किया! ध्वज वंदना अभिताश गुप्ता ने पढ़ा एवं कार्यक्रम का संचालन सचिव अजय सोनकर ने व धन्यवाद नवचयनित अध्यक्ष संजीव साहू ने व्यक्त किया कोषाध्यक्ष राजेश किशोर ने कुछ महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर राजेंद्र सेठ, राजेश अग्रहरि, आनन्द साहू, राज केशरी, प्रदीप प्रधान, डा.विष्णू गौड़,विनय साहू, अभिषेक जायसवाल, विनोद अग्रहरि, मनोज साहू, रवि गुप्ता, ज्ञानेंद्र साहू, ऋषि श्रीवास्तव, अमित गुप्ता, योगेश साहू, रसाल बरनवाल, गोपाल साहू, विवेक गुप्ता, अजयनाथ जायसवाल, शम्भूनाथ सोनी, राकेश साहू, जितेंद्र सोनी, बृजेश विश्वकर्मा इत्यादि विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

## शाहगंज पहुंचे उर्जा मंत्री एके शर्मा कहां विपक्षी पार्टियों परिवारवादी



-शिव कुमार प्रजापति

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ए के शर्मा का आगमन सोमवार शाहगंज विधानसभा के चिरैया मोड़ पर हुआ। जिसमें क्षेत्रीय विधायक माननीय श्री रमेश सिंह के द्वारा उनका माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। साथ में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह शाहगंज मंडल अध्यक्ष चिंता हरण शर्मा जिला सोशल मीडिया प्रभारी ओबीसी मोर्चा वेद प्रकाश जायसवाल जी ,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्री धीरज पाटिल देवी प्रसाद चौरसिया मुस्तकीम अहमद जी ,ओम चौरसिया आदि भाजपा कार्यकताओं ने कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया।

उक्त अवसर पर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने प्रभारी मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री को शाहगंज नगर पालिका सीमा से सटे अयोध्या मार्ग पर चिरैया मोड़ तक स्ट्रीट लाईट लगवाने के लिए ज्ञापन दिया गया। ताकि नगरवासियों को रात में सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिले ।

## डा. जयसिंह राजपूत द्वारा किया गया क्षत्रिय सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्मारक का उद्घाटन

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिले के रामजानकीपुरम,शाहगंज में ठा०फतेह सिंह चौहान द्वारा वीर शिरोमणि क्षत्रिय कुलभूषण सम्राट पृथ्वीराज स्मारक की स्थापना की गई।जिसका उद्घाटन क्षत्रिय विकास संस्था के प्रदेश प्रभारी डा.जयसिंह राजपूत गौराबादशाहपुर,जौनपुर के कर कमलों द्वारा किया गया।उन्होंने अपने वक्तव्य में सम्राट पृथ्वीराज चौहान के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान ने तमाम यातनाएं सहीं मगर अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं किया और अंत में अपने दुश्मन गौरी को मौत के घाट उतारने के बाद वीरगति को प्राप्त हो गए।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे करणी सेना के रा०अध्यक्ष डॉ.राजसिंह शेखावत द्वारा कहा गया कि जिस दिन अगड़ा पिछड़ा भूल कर सभी क्षत्रिय एक हो जाएंगे उस दिन फिर से राजपूतों का शासन



होगा।मुख्य अतिथि अवागढ़ मथुरा के राजा महाराज नरेंद्र सिंह ने कहा कि अब तलवार चलाने का समय नहीं है इसलिए क्षत्रियों को संगठित होना अत्यंत आवश्यक है।विशिष्ट अतिथि अ०भा०क्ष०महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमाशंकर सिंह कुशवाहा,अतिथियों की श्रेणी में डा.संगीता सिंह अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट,क्ष० स्वा०संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ठा.महेंद्र सिंह सेगर,मंडल अध्यक्ष कुंवरसाहब सिंह सोमवंशी,मुख्य वक्ता ठा.आद्या प्रसाद सिंह,डा.श्रवण सिंह चौहान रा०संयोजक भारत गोसेवक समाज,डॉ.पवन आर्य प्रदेश प्रभारी सुदर्शन न्यूज, घनश्याम सिंह चौहान सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग, ठा. संदीप सिंह चौहान, ठा.सभाजीत सिंह, राजेश सिंह चौहान शासकीय अधिवक्ता, इं.सुरेंद्र सिंह चौहान, इं. परमानंद सिंह, इं.पीएल सिंह, चौहान, एड. अनिल सिंह, प्रमोद सिंह वत्स,जय नारायण सिंह, बृजराज सिंह चौहान एवं क्षेत्र के तमाम महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## पीयू में स्टार यूनियन दाई-इचि लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने छात्रों को दिया सुनहरा अवसर

जौनपुर(उत्तरशक्ति)।वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें स्टार यूनियन दाई-इचि लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने भाग लिया। यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. वंदना सिंह के संरक्षण और केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के तत्वावधान में इनक्यूबेशन सेंटर के मीटिंग हॉल में संपन्न हुआ।इस अवसर पर कंपनी के जोनल हेड (एजेंसी) बिश्वजीत मित्रा, रीजनल एचआर समीर सिंह और एचआर एग्जीक्यूटिव ऋतिक पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत प्री-प्लेसमेंट टॉक से हुई, जिसमें कंपनी प्रतिनिधियों ने छात्रों को कंपनी की कार्यप्रणाली, पद की जिम्मेदारियों और विकास की संभावनाओं के बारे में विस्तार से



जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों के सवालों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

इसके बाद सभी पात्र छात्रों का साक्षात्कार लिया गया। यह प्लेसमेंट ड्राइव विश्वविद्यालय के सभी संकायों के स्नातक और परास्नातक छात्रों के लिए खुली थी, जिससे विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों को रोजगार का अवसर मिला।केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के सह समन्वयक सुशील कुमार ने कंपनी प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया और इस आयोजन को छात्रों के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया। इस दौरान डॉ. विशाल यादव, श्याम त्रिपाठी, दिव्यांशु संजय, हरी ओम साहू, आयुष गुप्ता, साक्षी मिश्रा, सौम्य गुप्ता, आशु सिंह व किशन चौहान समेत कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह ड्राइव रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास साबित हुई।

## नशे में धुत कार सवारों ने मारी टक्कर एक युवक हुआ घायल।



वाराणसी(उत्तरशक्ति)। वाराणसी कैन्ट थाने के नदेशर चौकी अंतर्गत लच्छीपुरा क्षेत्र में नशे में धुत्त ड्राइवर ने मारी टक्कर जिससे वहां खड़े शाहबाज नामक युवक को गंभीर चोटे आयी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया प्रारंभिक उपचार के लिए घायल युवक को जिला अस्पताल कबीरचौरा भेजा गया । हालात गंभीर होने के कारण उसे ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया । मौके पर पहुचे नदेशर चौकी प्रभारी घायल युवक को भेजते हुए नशे में धुत ड्राइवर को थाने ले गए।

## सरायख्वाजा पुलिस टीम ने एक बाल अपचारी को किया गिरफ्तार




जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर मार्गदर्शन में थाना सरायख्वाजा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0-310/2025 धारा-115(2), 105, 351(3) बीएनएस थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर से सम्बन्धित बाल अपचारी को गिरफ्तार किया गया । जिसको थाने पर लाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर बाल अपचारी उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। नाम पता आरोपी -जीवन बिन्द पुत्र रामप्रीत निवासी लपरी थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर।

## थाना जलालपुर पुलिस टीम ने एक आरोपी को गांजा के साथ किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे।अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण में थाना जलालपुर पुलिस टीम द्वारा छेदीलाल पुत्र विपति निवासी चवरी थाना जलालपुर जनपद जौनपुर को 1 किलो 460 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-165/2025 धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी का विवरण,छेदीलाल पुत्र विपति निवासी चवरी थाना जलालपुर जनपद जौनपुर।

## किसानो को लाभ कृषि स्नातको को रोजगार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)।वित्तीय वर्ष 2025-26 में उ0प्र0सरकार द्वारा किसानो एवं कृषि स्नातको की उन्नति के लिये वन स्टाप शॉप योजना के अर्न्तगत प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर खुलने वाले इस केन्द्र पर जहॉं एक छत के नीचे किसानो को मृदा परीक्षण के आधार पर खाद, बीज, दवा मिलेगी वही किराये पर लघु कृषि यंत्र भी मुहैया करायी जायेगी। इस केन्द्र के माध्यम से सरकार किसानों को जहॉं लाभ दिलाना चाहती है वही कृषि स्नातको की तरक्की के विषय में भी सोच रही है। कृषि विभाग द्वारा प्रयोग किये जाने वाले वन स्टॉप शाप में किसानों को मृदा परीक्षण की सुविधा मुहैया कराई जायेगी तथा उर्वरको के प्रयोग की संस्तुति की जायेगी। उच्च गुणवत्ता के बीज, उर्वरक, जैव उर्वरक, माइक्रोन्युट्रिएन्ट, वर्मी कम्पोस्ट, कीटनाशक रसायन तथा जैव कीटनाशक सहित समस्त कृषि निवेशो की आपूर्ति होगी। लघु कृषि यंत्रो को यहॉं किराये पर भी उपलब्ध कराया जायेगा, प्रसार सेवाओ में, तथा कृषि प्रक्षेत्र निर्देशन का भी कार्य होगा। वन स्टाप शॉप का मालिकाना हक कृषि स्नातको को ही मिलेगा। सरकार ने स्नातको के लिये कई सुविधा देने का भी ऐलान किया है। जनपद में वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 19 वन स्टाप शाप (एग्रीजक्शन) केन्द्रो की स्थापना का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

वन स्टाप शॉप के लिये अर्हता- वन स्टाप शॉप के लिये आवेदन करने वाले अभ्यर्थियो की अर्हता में अभ्यर्थी जौनपुर जिले का निवासी हो तथा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि स्नातक/कृषि व्यवसाय प्रबंधन स्नातक/ स्नातक जो कृषि एवं सहबद्व विषयों यथा-उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशु चिकित्सा, मुर्गी पालन एवं इस तरह की गतिविधियॉं, जो किसी राज्य/केन्द्रीय विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यिलय से डिग्रीधारी हो, जो आई0सी0ए0आर0/ यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त हो, पात्र होगे। इसके अतिरिक्त अनुभव प्राप्त डिप्लोमाधारी/कृषि विषय में इण्टरमीडिएट योग्य प्रार्थी पर भी विचार किया जायेगा, तथा अभ्यर्थी की आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। अनुसूचित जाति, जनजाति एवं महिलाओ को आयु में अधिकतम 05 वर्ष की छूट अनुमन्य है, तथा जिनकी जन्म तिथि पहले होगी उनको वरीयता दी जायेगी।

योजना की लागत-

वन स्टाप शॉप के लिये अभ्यर्थी को रू0 100000.00 मात्र स्वयं खर्च करने होगे तथा रू0 500000.00 मात्र बैंक से ऋण मिलेगा। इस प्रकार कुल योजना की लागत रू0 600000.00 मात्र होगी।

अनुदान की व्यवस्था- वन स्टाप शॉप हासिल करने वाले कृषि स्नातको को सरकार की ओर से खाद, बीज एवं कृषि रसायनों की बिक्री का लाइसेन्स की प्रतिपूर्ति अधिकतम रू0 5250.00 दिया जायेगा साथ ही बैंको से प्राप्त होने वाले रू0 500000.00 पर ब्याज पर अनुदान रू0 60000.00 तीन वर्षो के प्रस्तावित कार्य हेतु दिया जायेगा। वन स्टाप शॉप परिसर का किराया पर 50 प्रतिशत प्रतिमाह अधिकतम रू0 1000 प्रतिमाह की दर से 12 महीने का रू0 12000.00 अनुदान देय होगा। कृषि विभाग द्वारा चयनित कृषि स्नातको को व्यवसाय के निमित्त समेती रहमानखेड़ा, लखनऊ/आर0से0टी0 के द्वारा कम से कम 13 दिन का प्रशिक्षण कराया जायेगा।

चयन प्रक्रिया- लाभार्थियो का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कमेटी के द्वारा किया जायेगा। आवेदन-पत्र कार्यालय उप कृषि निदेशक कृषि भवन, जौनपुर में 25 जून 2025 तक किसी भी कार्य दिवस में जमा किया जा सकता है।

## सहफसली खेती से किसानो को मिली तरक्की की राह

जौनपुर (उत्तरशक्ति)।जिला उद्यान अधिकारी डा0 सीमा सिंह राणा ने अवगत कराया है कि उद्यान विभाग में राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत रफ्तार पान विकास योजना चल रही है। योजना के तहत पान की खेती करने वाले किसानो का अनुदान प्रदान किया जाता है। ग्राम कोल्हुआ विकासखण्ड महराजगंज के निवासी रामजनक पुत्र नन्हकू पिछले 02 साल से पान की खेती कर रहे है। उन्होंने बताया कि महीने में 12-15 हजार रुपए तक का पान आसानी से बिक जाता हैं। पान में ही परवल व कुंदरू की सहफसली खेती कर लेते है। 01 बीघा की खेती में रू0 पचास हजार की लागत आती है और 1 से



1.5 लाख का मुनाफा हो जाता है। पान की खेती के लिए बरेजा सबसे ज्यादा जरूरी होता है। बांस की लकडी से बना एक ढांचा तैयार किया जाता है। कृषक रामजनक ने पान के साथ-साथ सहफसली खेती से अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की है। और खेती किसानी करने में उद्यान विभाग द्वारा सहायता मिल रही है। उन्होंने उद्यान विभाग का आभारी व्यक्त करते हुए कहा कि समय-समय पर विभाग द्वारा तकनीकी मार्ग-दर्शन मिलता रहा है। जिससे पान के खेती करके 1 से 1.5 लाख रू0 का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। पराम्परगत खेती की अपेक्षा पान की खेती करके अच्छा मुनाफा प्राप्त हुआ। यह योजना कृषक भाईयो के लिए अत्यन्त लाभाकारी साबित हो रही है। पहले 1000 वर्ग मी0 में अनुदान की सुविधा थी।जो लागत का 50 प्रतिशत यानि 50453 देय है। परन्तु अब छोटे कृषक भाई भी इसका लाभ ले सकते है। 250 वर्ग मी0 से 1000 वर्ग0 मी0 में भी अनुदान की सुविधा उपलब्ध है, अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में सर्म्पक कर सकतें है।

## हत्यारोपी पति, सास, देवर 10 वर्ष के कारावास व जुमार्ने से दंडित

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय अपर्णा देव की अदालत ने 4 वर्ष पूर्व दहेज की मांग को लेकर हत्या करने वाले पति, सास व देवर को 10 वर्ष के कारावास तथा 6000 रुपए अर्थ दंड से दंडित किया।अभियोजन कथानक के अनुसार वादी मुकदमा सिकंदर निवासी ग्राम राजेपुर थाना जलालपुर जनपद जौनपुर ने चंदवक थाने में मुकदमा पंजीकृत करवाया कि दिनांक 19 नवंबर 2020 को उसकी बहन मनीषा की शादी रामविलास निषाद पुत्र भोनू निषाद निवासी चंदेपुर थाना चंदवक के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। शादी में पर्याप्त दान दहेज व उपहार भी दिया गया था, किंतु शादी के बाद से ही मनीषा के ससुराल वाले उसे एक लाख रुपए नकद की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। घटना के तीन दिन पहले मनीषा का फोन आया था और उसने बताया कि उसके पति रामविलास, सास मुन्नी देवी, देवर विकास, ननद सीमा व नंदोई मुरारी दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते हैं।15 जून 2021 को सूचना मिली कि उसकी बहन बेहोश हो गई है उसके घर पहुंचने पर पता चला कि उसकी मृत्यु हो चुकी है। उसके ससुराल वाले गला दबाकर उसकी हत्या कर दिए हैं।सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप मौर्य के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने आरोपी पति रामविलास, सास मुन्नी देवी व देवर विकास को दहेज हत्या के आरोप में दोषसिद्ध पाते हुए 10 वर्ष के कारावास व जुमार्ने से दंडित किया।

يسریٰ حکیمی دواخانہ
Regd.No20230048
युसरा हकीमी दवाखाना
हमारी कोशिश, आपका विश्वास...
उपलब्ध सुविधायें-
- गठिया व जोड़ो के दर्द का इलाज
- बवासीर का इलाज बगैर आपरेशन के
- चर्म रोग व पेट की तमाम बीमारियों का इलाज
- बालों का झड़ना, सफेद दाग मुहासे व छाइयों का इलाज होता है ।
- नि:संतान का अचूक इलाज
- शुगर कन्ट्रोल का इलाज
मंगलवार बंदी बाक़ी दिन का सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक
Mob.: 9198443844, 8960275665
नोट- पुरुषों व महिलाओं के गुप्त रोगों से सम्बन्धित सभी प्रकार के रोगों का ईलाज किया जाता है ।
अब हर जुमा को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक
सफेद दाग के मरीजों को मुफ्त दवा मिलेगी यह सन् 2025 के अन्त तक जारी रहेगा।
पता- बड़ी मस्जिद, पूर्वी गेट के सामने जौनपुर (उ.प्र.)

## पिता सहित उसके दो पुत्रों को हथौड़े से कुच कर उतारा गया मौत के घाट

### दो लोगों के मांग का सिंदूर मिटा,सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचे एडीजे व डीआईजी

-रियाजुल हक

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिले के थाना जफराबाद क्षेत्र अंतर्गत नेवादा बाईपास पर स्थित एक प्रतिष्ठान 'लालजी बिल्डिंग वर्क्स' में सोमवार सुबह एक ही परिवार के तीन लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की जानकारी होने से सनसनी फैल गई। मृतकों की पहचान प्रतिष्ठान के मालिक गुड्डू कुमार गौतम, उनके पिता लालजी गौतम, और छोटे भाई यादवीर गौतम के रूप में हुई है। घटना की जानकारी सबसे पहले गुड्डू कुमार के बहनोई द्वारा पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ कुमार के निर्देश पर तत्काल पुलिस बल मौके पर पहुंचा और क्षेत्र को सील कर जांच शुरू की गई। पुलिस की शुरूआती जांच में पता चला है कि तीनों मृतकों के सिर पर भारी एवं कठोर वस्तु से वार किया गया।जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस को मौके से चार मोबाइल फोन, एक हथौड़े जैसा औजार, और सीसीटीवी सिस्टम का डीवीआर (जो चाबी से खोला गया प्रतीत होता है) बरामद हुआ है। इससे अंदेशा जताया जा रहा है कि आरोपी ने



साक्ष्य मिटाने की कोशिश भी की है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ कुमार ने बताया, यह जघन्य वारदात प्रतीत होती है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतकों के कुछ लोगों से विवाद भी चल रहे थे। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है, और घटना की गहन जांच के लिए कई टीमें गठित कर दी गई हैं। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल डेटा, और अन्य तकनीकी पहलुओं की भी जांच कर रही है ताकि घटना का शीघ्र खुलासा हो सके।जौनपुर में हुई इस दिल दहला देने वाली घटना से स्थानीय लोगों में भय का माहौल है, वहीं पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा कर रही है। वही मृतक लालजी की पत्नी प्रभावती व बहु सरिता देवी ने कहा कि सास और बहु के माथे का सिंदूर एक साथ मिट गया है अब उनका कोई भी नहीं सहारा है।

घर में मातम और सन्नाटाः

गुड्डू की पत्नी सरिता गहरे सदमे में हैं, और उनके दो छोटे बच्चे झ अभि (5 वर्ष) और आर्यन (2 वर्ष) झ अब बेसहारा हो गए हैं। तीसरा बेटा जिलाजीत पहले से ही जेल में बंद है। पूरे परिवार पर जैसे दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।ट्रिपल हत्याकांड के घटना स्थल पर पहुंचे एडीजे व डीआईजी। जफराबाद जौनपुर के उक्त क्षेत्र नेवादा हाइवे अंडरपास के समीप तिहरे हत्याकांड स्थल पर एडीजे पीयूष मोडिया व डीआईजी वैभव कृष्ण ने पहुंचकर निरीक्षण किया।उन्होंने घटना स्थल पर सभी भौतिक स्थिति का मुआयना किया।घटना के कारणों को लेकर काफी गम्भीरता से चर्चा किया।उसके बाद मौजूद अधिकारियों से पूरी जानकारी लिया।मृतकों के बारे में जानकारी लिया।इनके हत्या के सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा किया।इसके बाद मातहतों को घटना करने वाले बदमाशों की शीघ्र गिरफ्तारी का आदेश दिया है।

## दयाशंकर पाल का जन्म दिवस समारोह



**मुंबई।** अशिहारा कराटे के महाराष्ट्र प्रमुख (प्रशिक्षक) दयाशंकर पाल के जन्म दिवस पर युवा ब्रिगेड एसोसिएशन द्वारा समारोह का आयोजन कपिल क्लिनिक, केशव पाडा,पी.के.रोड,मुलुंड प.पर किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवक डॉ.बाबूलाल सिंह, युवा ब्रिगेड एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.सचिनसिंह, डॉ. आर.एम.पाल (शिक्षाविद) शरीफ खान,(अध्यक्ष समता हाकर्स युनियन), समाज सेवक मैथ्यु चेरियन, राकेश मिश्रा (शिक्षाविद) ने शाल एवम पुष्पगुच्छ देकर केक काटकर शुभकामनायें प्रदान किया।

## भांडुप के नये वरिष्ठ पोलिस निरीक्षक का सम्मान



**मुंबई।** भांडुप के नये वरिष्ठ पोलिस निरीक्षक के रूप में चार्ज लेने पर बाला साहब पवार का पुष्पगुच्छ देकर सम्मान युवा ब्रिगेड एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सचिन सिंह एवम समाज सेवक डॉ.आर.एम.पाल (शिक्षाविद) ने भांडुप पोलिस स्टेशन में किया।

## पुण्यतिथि पर की सीमेंट की बेंच भेंट



**चिराना।** गोल्याना बस स्टैंड पर छगन लाल बारी ने अपनी धर्म पत्नी स्व. नर्बदा देवी की पुण्य तिथि पर दो सीमेंट बेंच रखवा कर एक पुण्य का काम तो किया ही है साथ ही राहगीरों को राहत देने वाला भी।उम्र के ढलान में भी स्मृति शेष के लिए उम्दा भाव रखते हुए बारी ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया। इस दौरान अनिल बारी, गोपाल, देवराज सिंह,सुनील सैनी,श्रवण सैनी,जितेंद्र कुमावत,महावीर सैनी,महबूब अली, रणजीत,रामदेव,जीवराज सहित कई जने उपस्थित रहें।

## ग्राम सभा सराय भादी भदिया में सांसद प्रतिनिधि का भव्य स्वागत, विकास को लेकर हुई अहम बातचीत



**आजमगढ़।** ग्राम सभा सराय भादी भदिया, तहसील मेंहनगर, जनपद आजमगढ़, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव के प्रतिनिधि विपिन यादव का ग्रामवासियों द्वारा जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता कैलाश चंद्रधारी यादव (उत्तर यादव युवा संघ), मार्गदर्शक फौजदार यादव, वरिष्ठ समाजसेवी रामबली यादव, ग्राम प्रधान राम नवल यादव, एडवोकेट हरविंदर यादव समेत अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। समारोह के दौरान ग्राम सभा के समग्र विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री कैलाश चंद्रधारी यादव ने कहा कि ह्लहमारे गांव से समाजवादी पार्टी को सदैव 80% से अधिक वोट मिला है, लेकिन आजादी के बाद से आज तक कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ। सड़कें, बिजली ट्रांसफॉर्मर, पोल, तार—सब अधूरे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अब तक सिर्फ एक कार्य हुआ है झ्र 300 मीटर इंटरलॉकिंग, जो कि ब्लॉक प्रमुख डॉ. कैलाश यादव के प्रयासों से संभव हुआ। ग्रामवासी उनके प्रति आभार प्रकट करते हैं। श्री यादव ने गांव की समस्याओं की जानकारी प्रधान से लेकर अपने स्तर से आवश्यक आश्वासन दिया और कहा कि वे सांसद धर्मेंद्र यादव से ग्राम सभा की स्थिति पर विशेष ध्यान देने का आग्रह करेंगे। ग्रामवासियों को अब उम्मीद है कि जल्द ही सराय भादी भदिया में विकास कार्यों की नई शुरूआत होगी।

## फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

**मेरठ (उत्तरशक्ति)।** सरधना के गांव जुल्हेड़ा में रविवार सुबह विवाहिता कामिनी का शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। मायके वाले पुलिस को सूचना देकर मौके पर पहुंचे। मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम से घटनास्थल की जांच कराई। थाना मुरादनगर के बहादरपुर गांव निवासी कामिनी पुत्री देशबंधु त्यागी की शादी करीब तीन साल पहले जुल्हेड़ा गांव निवासी संदीप त्यागी पुत्र राजेंद्र त्यागी के साथ हुई थी। मायके वालों ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष कामिनी का आए दिन मारपीट करते हुए उत्पीड़न कर रहे थे। समाज के लोगों ने दोनों पक्षों में आपसी समझौता करा दिया था। कुछ दिन पहले ही कामिनी ससुराल आई थी। अब ससुराल वाले दहेज में कार की मांग कर रहे थे। शनिवार रात विवाहिता ने मायके फोन करके ससुरालियों द्वारा मारपीट की सूचना थी। रविवार की सुबह भी फोन पर ससुरालिया द्वारा हत्या की आशंका जताई थी। कुछ घंटें बाद ही विवाहिता की मौत की सूचना आ गई। पुलिस के अनुसार विवाहिता का शव कमरे में फंदे पर लटका हुआ मिला। मायके वालों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर कामिनी की हत्या की सूचना दी। सीओ संजय कुमार जायसवाल थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। वहीं, फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। मृतक पक्ष ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर दी है। वहीं, थाना पुलिस आरोपी पति व सास समेत कई आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# काव्य रसिक संस्थान द्वारा मन की बात पर कवि सम्मेलन



**दादरा नगर हवेली।** साहित्यिक,सामाजिक एवं सांस्कृतिक राष्ट्रीय संस्था काव्य रसिक संस्थान दादरा नगर हवेली इकाई के तत्वावधान में मन की बात विषय पर आयोजित भव्य ऑनलाइन कवि सम्मेलन का आयोजन रविवार दिनांक 25 मई 2025 को किया गया। राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष एवं दादरा नगर हवेली इकाई अध्यक्ष डॉ मीना सुरेश जैन ' सुमिता ' के आयोजन एवं संस्थापक अध्यक्ष डॉ रामकुमार रसिक की अध्यक्षता में देश के सभी प्रदेशों की इकाइयों को मन की बात के अलग- अलग विषय पर कवि सम्मेलन हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ राम रतन श्रीवास राधे-राधे एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर इंदू जैन इंदू ने खूब सराहा।संस्थान के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी विनय शर्मा दीप की उपस्थिति में आयोजिका डॉ मीना सुरेश जैन द्वारा मन की बात विषय देकर पश्चिम बंगाल-हमारे सेनानी, बिहार -ऑपरेशन सिंदूर, दिल्ली -मां भारती, उत्तर प्रदेश -आतंकवाद, गुजरात -स्वतंत्र, दादरा नगर हवेली -महंगाई पर रचनाएं पढ़ी गई। प्रत्येक इकाई से 5 कलमकार, इकाई अध्यक्ष, इकाई मंत्री को आमंत्रित किया गया था।जिसमें सुनील कुमार खुराना, अतुल कुमार शर्मा, डॉ शशि जायसवाल, प्रणव कुमार कुलश्रेष्ठ, आलोक अग्निहोत्री, पश्चिम बंगाल इकाई अध्यक्ष श्रीमती प्रणति ठाकुर, बिहार इकाई अध्यक्ष श्रीमती अर्चना त्रिपाठी, दिल्ली इकाई अध्यक्ष डॉ रेखा जैन,गुजरात इकाई अध्यक्ष विजय बहादुर जैन, पश्चिम बंगाल इकाई मंत्री श्रीमती स्वागता बसु, बिहार इकाई मंत्री श्रीमती सुषमा कुमारी,दादरा नगर हवेली इकाई मंत्री श्रीमती अंजना सोलंकी, दिल्ली इकाई मंत्री राजीव वशिष्ठ, गुजरात इकाई मंत्री श्रीमती प्रीति गंगवाल की उपस्थिति रही। मंच का खूबसूरत संचालन डॉ राजेश कुमार पाण्डेय एवं उत्तर प्रदेश इकाई मंत्री आशीष अनहद अक्स ने किया। उपस्थित सभी साहित्यकारों ने दिए गए विषयानुसार अपनी रचनाओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।अंत में आयोजिका संस्था की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष एवं दादरा नगर हवेली इकाई अध्यक्ष ने उपस्थित सभी साहित्यकारों की रचनाओं पर प्रकाश डालते हुए सराहा और उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का स्थगन किया।

# आधुनिक तकनीक से जुड़ेंगी ग्राम पंचायतें

**लखनऊ (उत्तरशक्ति)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर ग्राम पंचायतों को डिजिटल रूप से सशक्त और जनसुविधाओं से लैस करने के लिए 278 करोड़ रुपये से डिजिटल वर्क फोर्स तैयार की जाएगी। जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर एवं पंचायत लर्निंग सेंटर भी स्थापित होंगे। यह पहल राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत हो रही है। पंचायती राज विभाग की कार्ययोजना के अनुसार ग्राम पंचायतों के कर्मचारियों को डिजिटल प्लेटफार्मों पर कुशलता से कार्य करने के लिए यह पहल हो रही है। इसका उद्देश्य पंचायतों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर सेवा वितरण की दिशा में प्रभावी बनाना है। इसके लिए राज्य, जिला और खंड स्तर पर मानव संसाधन तैयार किए जाएंगे। पंचायत कर्मियों के प्रशिक्षण और सतत विकास के लिए केंद्र बनाए जाएंगे। जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर और पंचायत लर्निंग सेंटर की स्थापना से लोगों को योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। इससे गांवों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को भी बढ़ावा मिलेगा। वहीं, एआई प्रज्ञा कार्यक्रम के तहत प्रदेश में 10 लाख लोगों को एआई में दक्ष बनाने की तैयारी है। ब्लॉक, जिला व ग्राम पंचायतों में भी अंतर्गत कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्ययोजना के अनुसार, चार स्तरीय समितियां योजना की निगरानी और क्रियान्वयन को अधिक प्रभावी बनाएंगी। पंचायती राज मंत्री की अध्यक्षता में राज्य सलाहकार समिति, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य संचालन समिति, प्रमुख सचिव पंचायती राज की अध्यक्षता में राज्य कार्यकारी समिति तथा निदेशक पंचायती राज की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति भी बनेगी।

# सड़क किनारे खड़े सरिया लदे ट्रेलर में घुसी एंबुलेंस, चालक की मौत



**बस्ती (उत्तरशक्ति)।** बस्ती। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के हंडिया चौराहे पर तेज रफ्तार जा रही एंबुलेंस सड़क के किनारे खड़े सरिया लदे ट्रेलर में पीछे से घुस गई। एंबुलेंस चालक जितेंद्र गोस्वामी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुरानी बस्ती पुलिस ने घायल को तत्काल एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया।

वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, सुल्तानपुर निवासी जितेंद्र गोस्वामी एंबुलेंस चलाकर परिजनों का भरण-पोषण करते थे। रविवार को वह मरीज को छोड़ने देवरिया जिला गए थे। मरीज को छोड़कर वापस लखनऊ जा रहे थे। वह पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के हंडिया चौराहे पर पहुंचे ही थे कि एंबुलेंस अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे सरिया लादकर खड़े ट्रेलर में पीछे से घुस गई। एंबुलेंस चालक जितेंद्र गोस्वामी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुरानी बस्ती पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर घायल को तत्काल एंबुलेंस से जिला अस्पताल बस्ती पहुंचाया। जहां देखते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# प्रतिभा सम्मान समारोह - 2025 में सम्मानित किए गए दसवीं एवं बारहवीं के टॉपर्स छात्र - छात्राएं




**पटना (उत्तरशक्ति)।** राजधानी के अग्रणी कॉमर्स कोचिंग की सूची में शामिल सुकृष्णा कॉमर्स एकेडमी द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह - 2025 का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में इस वर्ष के सीबीएसई के दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा में वाणिज्य संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थान के 200 छात्रों को सम्मानित किया गया। ए एन कॉलेज सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव, संस्थान के निदेशक सीए विनय कुमार, निदेशक सीए विवेक कुमार एवं कार्यकारी निदेशक एच एस तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

उद्घाटन के पश्चात पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव एवं संस्थान के निदेशकों ने 200 सफल छात्रों को मोमेंटो, शैक्षणिक प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए अनंत शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आप सभी छात्र जीवन के हर क्षेत्र में सफल हों, और अपने माता - पिता, गुरुजनों तथा राष्ट्र का गौरव बढ़ाएं। संस्थान के निदेशक सीए विनय कुमार ने कहा कि आज हमने इस सम्मान समारोह के माध्यम से सीबीएसई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि ये छात्र निश्चय ही भविष्य में इससे भी बड़ी सफलताएं अर्जित करेंगे। संस्थान के निदेशक सीए विवेक कुमार ने कहा कि इन छात्रों ने दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षाओं में इस संस्थान का परचम एक बार पुनः लहराया है। ये छात्र ही हमारा भविष्य हैं और आज इनको सम्मानित करके हमें अत्यंत ही सुख की अनुभूति हो रही है। इन्होंने संस्थान तथा हमारे शिक्षकों के मार्गदर्शन व अपनी निरंतर मेहनत से इस सफलता को अर्जित किया है। संस्थान के कार्यकारी निदेशक एचएस तिवारी ने भी छात्रों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे आशा है कि आप इसी प्रकार मेहनत करके आगे भी अपना तथा संस्थान का नाम ऊंचा करेंगे। मौके पर संस्थान के शिक्षकों एवं कर्मियों सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विशाल के हरफनमौला खेल से एसएपीएल बना चैंपियन




**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** डॉक्टर संपूणानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा में खेले गए एसपीएल टी-10 क्रिकेट टूनामेंट के फाइनल मुकाबले में एसएपीएल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हिरोज क्लब को आठ विकेट से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। एसएपीएल की जीत में विशाल रुपानी ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने दो विकेट झटके और बल्लेबाजी में 24 रन की उपयोगी पारी खेली। हिरोज क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में छह विकेट पर 66 रन बनाए। जवाब में एसएपीएल ने सिर्फ आठ ओवर में दो विकेट पर 69 रन बनाकर मुकाबला अपने पक्ष में कर लिया। सेमीफाइनल में एसएपीएल ने वाराणसी वॉरियर्स को पांच विकेट से और हिरोज क्लब ने एएम पीएम को 14 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। मैच के बाद विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि महापौर अशोक तिवारी और विशिष्ट अतिथि विधायक सौरभ श्रीवास्तव रहे। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष जय लालवानी, चेयरमैन नरेश बडानी, दीपक वासवानी, सुमित रामनानी, रतन रजवानी, मनोज लखमानी समेत समाज के कई गणमान्यजन मौजूद रहे।

# श्री वासुदेव फाउंडेशन चौक का हुआ उद्घाटन



**जौनपुर।** जमुहर बाजार मछलीशहर जौनपुर में श्री वासुदेव फाउंडेशन द्वारा चौक का नामकरण तथा सम्मान समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि डॉक्टर अमर बहादुर यादव डायरेक्टर उजाला हॉस्पिटल, प्रमुख अतिथि फाउंडेशन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद यादव, वरिष्ठ सलाहकार हीरालाल यादव, संरक्षक हरिशंकर यादव, जिला अध्यक्ष अवधेश यादव, उपाध्यक्ष शैलेश यादव, शिक्षक नेता शैलेश यादव उमाशंकर यादव,लालबहादुर यादव मुन्ना यादव,पंकज यादव उपस्थित हुए। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद यादव ने संबोधन में लोगों से अपील किए की जाति धर्म भाषा राजनीति से हटकर अनाथ पीड़ित बेसहारा जन्म से अंधे तथा दिव्यांग लोगों की मदद के लिए जुडें।

आज के बदलते परिवेश में युवा पीढ़ी आगे आकर कार्यक्रम को सफल बनाए। बिरहा गायक घनश्याम यादव ने सुंदर गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के आयोजक में भारत लाल यादव (प्रधान) घनश्याम यादव, निखिल राधे, पुनीत यादव ,नितिन सैफई भूपेश जहर अंकित यादव मनोज यादव (गुड्डू) प्रदीप यादव, विजय पटेल, रमेश चंद सरोज अशोक यादव मुंबई , पिंटू यादव, सचिन यादव, अनुराग यादव, प्रदीप यादव रवि यादव अनुज यादव का विशेष योगदान रहा।

# इंदिरा आईवीएफ पटना में 20 साल बाद मां बनने का सपना हुआ साकार



**पटना (उत्तरशक्ति)।** बिहार के औरंगाबाद ज़िले की एक 39 वर्षीय महिला ने इंदिरा आईवीएफ पटना में सफल गर्भधारण कर एक मिसाल कायम की है। यह सफलता तब मिली जब वह पिछले 20 वर्षों से संतान की प्रतीक्षा में थीं और बिहार के विभिन्न आईवीएफ केंद्रों में 16 बार आईवीएफ उपचार में असफल हो चुकी थीं। यह कहानी न केवल विज्ञान की शक्ति को दर्शाती है, बल्कि यह भी प्रमाणित करती है कि उम्मीद और सही चिकित्सकीय मार्गदर्शन से असंभव भी संभव हो सकता है। लगातार असफलताओं और भावनात्मक संघर्षों के बाद जब दंपत्ति इंदिरा आईवीएफ पटना पहुँचे, तो वहां के विशेषज्ञों डॉ. दयानिधि कुमार (भ्रूण वैज्ञानिक और बिहार प्रमुख, इंदिरा आईवीएफ ग्रुप) और डॉ. सुनीता कुमारी (सीनियर फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट) ने इस केस को एक चुनौती के रूप में लिया। दोनों पति-पत्नी की गहन जांच के बाद कुछ बेहद अहम और अब तक अनदेखे कारण सामने आए। महिला की जांच में एंडोमेट्रियल रिसेप्टिविटी (गर्भाशय की स्वीकार्यता) में बदलाव पाया गया, जो ईरा (एंडोमेट्रियल रिसेप्टिविटी असेसमेंट) टेस्ट से पता चला। इसका मतलब था कि पूर्व में किए गए आईवीएफ प्रयासों में भ्रूण स्थानांतरण गलत समय पर हुआ था। इसके साथ ही पुरुष साथी के शुक्राणु में डीएनए फ्रेगमेंटेशन की दर अधिक पाई गई, जो भ्रूण की गुणवत्ता और विकास में बाधा डाल सकती है। इसके अलावा, प्रतिरक्षा संबंधित (इम्यूनोलॉजिकल) बाँझपन भी एक कारण था, जिसे इम्यूनोथेरपी द्वारा नियंत्रित किया गया। इन सभी वैज्ञानिक जानकारियों के आधार पर दंपत्ति के लिए एक व्यक्तिगत और सटीक उपचार योजना बनाई गई। इम्यूनोथेरपी के साथ-साथ ईरा रिपोर्ट के अनुसार भ्रूण स्थानांतरण का सही समय तय किया गया और आईवीएफ प्रक्रिया की गई। इसका परिणाम यह हुआ कि महिला सफलतापूर्वक गर्भवती हुईं और वर्तमान में 10 सप्ताह की गर्भावस्था में हैं। डॉ. दयानिधि कुमार, भारत के प्रमुख भ्रूण वैज्ञानिकों में से एक और इंदिरा आईवीएफ के बिहार प्रमुख ने कहा, यह केस इस बात का प्रमाण है कि कोई भी दंपत्ति कभी भी आशा नहीं छोड़ना चाहिए। यह अनुभव यह भी दशार्ता है कि अनुभवी भ्रूण वैज्ञानिकों की भूमिका जटिल मामलों में कितनी निर्णायक होती है। आज की वैज्ञानिक प्रगति और व्यक्तिगत उपचार योजनाओं के साथ, 21 से 50 वर्ष तक की आयु महिलायें को भी संतान की उम्मीद की जा सकती है। डॉ. सुनीता कुमारी, वरिष्ठ फर्टिलिटी विशेषज्ञ, ने कहा, जब पारंपरिक आईवीएफ तकनीकें विफल हो जाती हैं, तब ईआरए और इम्यूनोथेरपी जैसे उन्नत परीक्षण और उपचार एक नई उम्मीद बनकर सामने आते हैं। यह केस इसका उत्तम उदाहरण है।

# पुलिस आयुक्त के कैंप ऑफिस में होमगार्ड ने फंदा लगाकर जान दी



**वाराणसी।** वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल के कैंप ऑफिस में एक होमगार्ड ने फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पाकर कैंट थाने की पुलिस ने उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि होमगार्ड स्वास्थ्य संबंधी कारणों से परेशान रहता था। उसे सही से नींद नहीं आती थी और वह चिड़चिड़ेपन का शिकार था। वह खुद को भूत-प्रेत से भी बाधित समझता था। पुलिस होमगार्ड की आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। मंगारी निवासी होमगार्ड अमेरिका पटेल (38) इन दिनों पुलिस आयुक्त के कैंप ऑफिस में सुरक्षा व्यवस्था में तैनात था। रविवार की देर रात उसके साथी पुलिसकर्मियों ने उसे काफी देर तक नहीं देखा तो उसकी तलाश शुरू की। काफी देर की तलाश के बाद वह पुलिस आयुक्त कैंप ऑफिस परिसर के एक कोने में फंदे के सहारे लटका मिला। आनन-फानन में इसकी सूचना कैंट थाने की पुलिस को दी गई। फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इस संबंध में डीसीपी वरुणा जोन प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह समझ में आया है कि होमगार्ड स्वास्थ्य संबंधी कारणों से परेशान था।










